बिहार सरकार
उद्योग विभाग
(उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, पटना)

हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला

स्टाल आवंटन की सूचना

हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला दिनांक 13.11.2024 से 14.12.2024 तक आयोजित है। मेला प्रक्षेत्र में ही आर्ट एंड क्राफ्ट विलेज का निर्माण कराया जाता है, जिसमें राज्य एवं राज्य के बाहर के स्व. हस्तनिर्मित उत्पादनों का प्रदर्शनी लगाया जाना है। बिहार सरकार, उद्योग विभाग के अंतर्गत उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, पटना द्वारा उक्त फेयर में स्टॉल लगाने हेतु बिहार के शिल्पकारों से आवेदन आमंत्रित किया जाना है। इस अवसर पर शिल्पियों/बुनकरों एवं बिहार के उधमियों द्वारा निर्मित सामग्रियों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की जायेगी। जिसमें राज्य के हस्तशिल्प, हस्तकरघा एवं खादी के उत्कृष्ट शिल्पियों एवं बुनकरों को निःशुल्क स्टॉल आवंटन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त कोई अन्य सुविधा देय नहीं है। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने तथा अधिक जानकारी के लिए उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, पाटलिपुत्रा, पटना के वेबसाइट www.umsas.org.in पर विजिट करें। आवेदन भरने की अंतिम तिथि दिनांक 30.10.2024 तक है।

नोट :– स्टॉल का आवंटन निम्नांकित शर्त्तों पर किया जायेगा।

1. चयनित स्टॉलधारक इस फेयर में भाग लेने की सूचना एवं स्टॉल साम्रगी के साथ दिनांक 12.11.2024 के सुबह 11.00 बजे तक फेयर स्थित कैम्प कार्यालय को देंगे। भाग न लेने एवं सूचना न देने की स्थिति में आपको भविष्य में किसी मेला में भाग लेने हेतु अवसर नहीं प्रदान किया जायेगा।
2. बिक्री/प्रदर्शनी हेतु उत्पादित साम्रगी उत्कृष्ट कोटि एवं बिहार राज्य के अर्न्तगत निर्मित होनी चाहिए।
3. स्टॉल हर हाल में दिनांक 13.11.2024को 09.30 बजे तक प्रदर्शनी/बिक्री हेतु पूरी तरह तैयार होनी चाहिए।
4. स्टॉलधारकों को संस्थान द्वारा निर्गत दिशा–निर्देश के आलोक में अथवा मेला प्रभारी द्वारा समय–समय पर दिए गए निर्देशों का पालन करना अनिर्वाय होगा।
5. स्टॉलधारकों को अपने स्टॉल के आस–पास के साफ–सफाई पर विशेष ध्यान देना होगा। सामान की जिम्मेवारी भी आपकी होगी।
6. बिक्री करने वाले स्टॉलधारकों को बिक्री की मनी रसीद विक्रेता को देनी होगी।
7. स्टॉलधारक अपने–अपने स्टॉल का बैनर उचित आकार में स्वंय प्रदर्शित करेगें।
8. स्टॉल का आवंटन चयन समिति द्वारा किया जायेगा एवं समिति का निर्णय अंतिम रूप से मान्य होगा।
9. चयनित शिल्पियों को स्टॉल आवंटन की सूचना वेबसाइट के माध्यम से दी जाएगी।

17/x/17

निदेशक
उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान,
पटना।